हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 01 अप्रैल 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री


11 खट्टी सबस्टेशन की क्षमता में वृद्धि, क्षेत्र के 12...



11 पब्लिक स्कूल तुमगांव में हुआ भूतपूर्व छात्रों का ...




## खबर संक्षेप

### दुकान में दो लोगों से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** चाय दुकान में दो लोगों के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कुम्हारपारा निवासी कमलेश चंद्राकर ने बताया कि 30 मार्च को वह अपने दोस्त तेजेंद्र सिंह परिहार के साथ बीटीआई रोड स्थित चाय दुकान पहुंचा। मेरा दोस्त तेंजेंद्र चाय के साथ सिगरेट भी पी रहा था, चाय सेंटर dअंदर अन्य लोग भी सिगरेट पी रहे थे, तभी आयुष अपने साथी के साथ चाय सेंटर में आया और तेजेंद्र को बोला कि मुझे सिगरेट के धुंए से एलर्जी है, यहां मत पियो, तब तेजेंद्र ने कहा कि यहां मेरे अलावा अन्य लोग भी सिगरेट पी रहे हैं, तुम्हे एलर्जी है तो बाहर चले जाओ। इतने में आयुष यादव उसके दोस्त तेजेंद्र को गालियां देते हुए मारपीट करने लगा। जब प्रार्थी ने बीच बचाव किया तब उसके साथ भी मारपीट किया। तभी आरोपी के अन्य साथियों ने भी मारपीट की। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

## अपराध : जिले की पुलिस ने चार थाना क्षेत्रों में पांच प्रकरणों में की बड़ी कार्रवाई

# नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई, 686 किलो गांजा और टैबलेट बरामद, 13 लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने चार थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पांच प्रकरण में चार अलग-अलग राज्यों के लिए परिवहन हो रहे 685.890 किलो गांजा और 700 नग नशीली टैबलेट जब्त करते हुए इन मामलों में 13 तस्करों की गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार आरोपियों में छह छत्तीसगढ़ के तथा सात दूसरे राज्यों के हैं।

पुलिस ने इन मामलों की जानकारी देते हुए बताया कि बसना थाने के प्रकरण में पिकअप में 454 किलो गांजा जब्त किया गया है। वहीं कोमाखान में एक कार से 02 क्विंटल व एक ट्रक से 25 किलो गांजा बरामद किया गया है। इसके अलाव सिंघोड़ा में बाइक से 7 किलो और महासमुंद में आरपीएफ की मदद से 700 नग टैबलेट जब्त किया गया है। नशे की तस्करी और व्यापर के विरुद्ध अपनी विशेष क्षमता का प्रदर्शन करते हुए पुलिस ने एक ही दिन में 10 घंटे के अंदर जिले के



चार अलग-अलग थानों में नशे के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही की।

### ट्रक और कार से भी जब्त हुआ गांजा

कोमाखान थाना क्षेत्र में ट्रक क्र.सीजी 04 एनजे 9586 से 25 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त कीमत 12,50,000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी दो आरोपी शिव मोहित साहू पिता शेषमणि साहू (27 साल) बैरदह थाना चितरंगी जिला सिगरौली मध्यप्रदेश तथा बगल सीट में बैठे पुष्पेंद्र साहू पिता लोलर प्रसाद साहू (21 साल) रेही पोस्ट कधुआ टोला थाना चितरंगी जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह कोमाखान पुलिस द्वारा टेमरी नाका में नाकाबांदी कर डिजायर कार क्र. जेएच 01एफजेड 4071 से 200 किलो गांजा कीमत एक करोड़ रुपए को बरामद किया। पुलिस ने कार में बैठे युवराज नायक पिता कमल सिंह नायक (19 वर्ष) निवासी प्रतापपुर पोस्ट दहगांव थाना दिव्यापुर जिला औरेया (यूपी) व केशव दयाल पिता बाबू राम दयाल (22 वर्ष) निवासी किशनपुर पोस्ट नांदेमउ थाना सौरिक जिला कन्नौज (यूपी) को गिरफ्तार किया।

### घरेलू सामान की आड़ में गांजा तस्करी

बसना पुलिस ने मूवर्स एंड पैकर्स कंपनी के बोलेरो वाहन टीएस 08 यूएच 8606 में घरेलू सामान परिवहन करने की आड़ में गांजा की तस्करी कर रहे आरोपी इमरान पिता लुकमान तेली (37 साल) निवासी वार्ड नं. 2, जगपति गली के पास, देव कॉलोनी, पिलानी, जिला झुंझुनू (राजस्थान) को गिरफ्तार किया।आरोपी के कब्जे से 454.890 किलोग्राम गांजा कीमत 2,27,44,500 रुपए को बरामद किया गया।

### नशीली दवा बरामद

कोतवाली पुलिस ने नशीली दवाई का बंटवारा करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8006 रुपए की नशीली दवाई बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों में राकेश कुमार साहू पिता लखनलाल साहू (32 साल), निवासी वार्ड नं.18 गुडरूपारा महासमुंद, मनोज कुमार सोनबेर पिता वेदराम सोनबेरा (33 साल), निवासी वार्ड नं. 08 नयापारा महासमुंद, सद्दाम कुरैशी पिता सब्बीर कुरैशी (32 साल), निवासी वार्ड नं. 05 नयापारा महासमुंद, रिंकू चंद्राकर पिता विष्णु चंद्राकर (34 साल), निवासी वार्ड नं. 16 बेमचा, थाना व जिला महासमुंद, कामेश उर्फ सोनू पिता खिलावन चंद्राकर (30 साल), निवासी वार्ड नं. 05 बस्तीपारा, खरोरा महासमुंद को गिरफ्तार किया।

### मोटरसाइकिल में गांजा परिवहन

सिंघोड़ा पुलिस ने एक टीवीएस मोसा क्र. सीजी 11 एजेड 3766 में ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन कर रहे दो लोगों पर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी देवचरण रात्रे पिता स्व. नीलाकर रात्रे (46 साल) बलौदा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा व किशोर राउतिया पिता अमरूद राउतिया (25 साल) पेटूपाली थाना मेल्छामुंडा जिला बरगढ़ ओडिशा के कब्जे से 6 किलोग्राम गांजा कीमत 3,00,000 रुपए को बरामद किया।

# दो पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप, आज एक दूसरे के खिलाफ आंदोलन की तैयारी

## फॉलोअपः एक पक्ष ने व्यावसायिक परिसर के निर्माण को अवैध बताते हुए की रोकने की मांग, वहीं दूसरे पक्ष ने ब्लेकमेलिंग का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा स्थित थाना चौक में जारी व्यावसायिक कांप्लेक्स निर्माण मामले में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। एक पक्ष द्वारा निर्माण को अवैध बताया जा रहा है वहीं दूसरा पक्ष इसे ब्लैकमेलिंग से जुड़ा मामला बता रहा है। निर्माण रोकने और कार्रवाई की मांग को लेकर डालेश्वर पटेल जहां आज से अनशन की तैयारी में हैं। वहीं द्वितीय पक्ष प्रशील जोसेफ ने इसे जनहित का मामला नहीं बल्कि स्वहित का बताते हुए डालेश्वर पटेल पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया और जोसेफ ने भी आज से आमरण अनशन की चेतावनी दी है। इस मामले को लेकर दोनों पक्ष आज से आमने-सामने एक दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए आंदोलन की तैयारी में हैं।



हरिभूमि

50 करोड़ की जमीन को हड़पने की साजिश, शिकायत कर कार्रवाई की मांग



हरिभूमि

अवैध निर्माण पर उठाई आपत्ति तो शिकायत वापस लेने का दबाव

जोसेफ ने बताया है कि उनके पिता द्वारा पंजीकृत दान पत्र के माध्यम से प्राप्त भूमि पर वे आजीविका के लिए नामांतरण पश्चात निर्माण करवा रहे हैं, और ग्राम अर्जुनी निवासी डालेश्वर पटेल द्वारा जमीन को सेंट पीटर चर्च की भूमि बताकर उन्हें लगातार धमकाया और ब्लैकमेल किया जा रहा है। आरोप है कि 20 मार्च को पटेल द्वारा शिकायत वापस लेने के लिए 5 लाख रुपये की मांग की गई।

पैसे नहीं देने पर धरना, भूख हड़ताल और निर्माण तुड़वाने की धमकी दी गई। प्रशील जोसेफ का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने दबाव बनाकर उनसे 50,000 रुपये जबरन वसूल लिए और अब शेष 4,50,000 रुपये की मांग कर रहा है। इस घटना के समय अन्य लोग भी मौके पर मौजूद थे, जिन्हें गवाह बताया गया है। जोसेफ ने बताया कि इस जमीन को लेकर पूर्व में सिविल कोर्ट में मामला प्रस्तुत किया गया था, जिसमें विरोधी पक्ष को कोई राहत नहीं मिली।

### बुंदेली में लाखों के सोने-चांदी के जेवर चोरी

**महासमुंद।** ग्राम बुंदेली के रामनगर में एक मकान से लाखों के सोने-चांदी के जेवर चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया राधिका निषाद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 30 मार्च की सुबह करीबन 7 बजे वह महुआ बीनने बुंदेली के जंगल गई थी। करीब 10 बजे उसके पुत्र डोंगर निषाद ने फोन करके बताया कि एक व्यक्ति ने घर आकर कहा कि आप लोगों का सीमेंट, छड़ गाड़ी में आ रहा है। इसके बाद उसके पुत्र को घर से करीबन 300 मीटर छोड़ दिया। जब डोंगर ने घर आकर देखा तो दरवाजा खुला हुआ था। इसके बाद प्रार्थिया भी घर पहुंची और देखा कि आलमारी से एक नग पुरानी इस्तेमाली सोने का हार वजन करीबन 10 ग्राम कीमत 130000 रुपए, दो नग सोने का झुमका वजन करीबन 02 ग्राम कीमत 20000 रुपए , 15 नग सोने का लॉकेट वजन 05 ग्राम कीमत 65000 रुपए , 02 नग सोने का मराठी माला वजन 02 ग्राम कीमत 20000 रुपए , 02 नग चांदी का ऐठी वजन करीबन 50 ग्राम कीमत 13000 रुपए , 02 नग चांदी का पायल वजन करीबन 30 ग्राम कीमत 8000 रुपए , 01 नग चांदी का करधन वजन 80 ग्राम कीमत करीबन 20000 रुपए, 02 नग चांदी का बिछिया कीमत 1000 रुपए कुल कीमत 277000 रुपए नहीं थे।

## दिन भर हुए विविध आयोजनों के दौरान जैन समाज ने दिया शांति का संदेश

# महावीर जयंती पर जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक के अवसर पर सकल जैन श्री संघ ने भव्य शोभायात्रा निकाली। निपुणा शिशु स्नेहयशा मसा की सुशिष्या सिद्धांतनिधि मसा आदि ठाना-3 की पावन निश्रा में चैत्र सुदी तेरस के दिन गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा परमात्मा के रथ को लेकर जैन मंदिर गांधी चौक से नगर के मुख्य मार्ग में भ्रमण करते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में शांतिनाथ पाठशाला के बच्चों द्वारा मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। जैन मंदिर पहुंच कर परमात्मा को बधाने के बाद चैत्यवंदन के पश्चात नवपद की पूजा की गई। शोभायात्रा के दौरान परमात्मा का दर्शन करने एवं शोभायात्रा का बहुमान करने भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी पहुंचे। सर्व हिंदू समाज से चंद्रबदन मिश्रा, भरत चंद्राकर, उत्तम वर्मा, बिपिन बिहारी मोहंती, किशोर महंती, सुरेंद्र दास वैष्णव एवं युवा कांग्रेस से अमन चंद्राकर के नेतृत्व में अनेक युवक, नववर्ष उत्सव समिति से अग्रज शर्मा, भरत साहू, आनंद साहू आदि सदस्यों ने परमात्मा के सामने गवली कर वंदना की। शोभायात्रा में जैन समाज के पुरुष, महिलायें, बुजुर्ग और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा में जैन समाज की मंडलों के लिए भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमे अनेक मंडलों ने भाग लिया और शोभायात्रा में भजनों की गूंज बिखेर दी। शोभायात्रा के बाद शांतिनाथ भवन में स्व. निर्मलादेवी श्रीश्रीमाल की स्मृति में धरमचंद राजेश कुमार श्रीश्रीमाल की तरफ़ से स्वामी वात्सल्य एवं गांधी चौक में आम भंडारा रखा गया। प्रातः विहार सेवा ग्रुप के नेतृत्व में जैन समाज द्वारा जीवदया कार्यक्रम के तहत गायत्री गौशाला भलेसर जाकर गायों को भोजन कराया। दोपहर को महावीर यूथ फाउंडेशन के युवकों द्वारा नेहरू चौक में छाछ वितरण किया गया। जैन श्री संघ द्वारा प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया। महावीर इंटरनेशनल द्वारा चलित प्याऊ का शुभारंभ किया गया। विवेक वर्धन सेवा आश्रम ट्रस्ट द्वारा महासमुंद में संगीत विद्यालय प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त जानकारी महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के संयोजक धीरज गोलछा एवं जैन श्री संघ के सचिव सीए रितेश गोलछा ने दी है।

### सात दिवसीय भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव के तहत अनेक आयोजन

महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन व्याख्यान, पुरुष एवं महिला वर्ग की क्लास, नवपद की पूजा, आयंबिल एवं प्रभु भक्ति के साथ प्रतिदिन अलग अलग आयोजन किए गए। प्रथम दिवस बच्चों का पंचदिवसीय शिविर संस्कारों का शंखनाद प्रारंभ किया गया। इस शिविर में 3 साल से लेकर 16 साल तक के बच्चों नें हिस्सा लिया। रत्निका बहु मंडल द्वारा जोड़ी कमल की, मनोहर महिला मंडल द्वारा धार्मिक तंबोला, यतन मगन बहु मंडल द्वारा नाट्य वर्धमान से वर्तमान तक, त्रिशला बहु मंडल द्वारा जिनवाणी कार्निवल, आराधना बहु मंडल द्वारा ज्ञान का उलट पुलट, शांतिनाथ पाठशाला द्वारा चलो तीर्थ चलें, खरतरगच्छ महिला परिषद द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता आदि विभिन्न आयोजन किए गए। तीन दिवसीय प्रभात फेरी निकाली गई। महावीर इंटरनेशनल द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। स्व. सीरिया बाई चोपड़ा की स्मृति में रंगोली, झालर, दीपक सजाओ प्रतियोगिता कराई गई। महावीर यूथ फाउंडेशन द्वारा गायों को टमाटर और ककड़ी खिलाई गई। जैन श्री संघ द्वारा सामूहिक सामयिक एवं नवकार मंत्र का भव्य आयोजन किया गया। साथ ही श्री शांतिनाथ धर्म रक्षक मंडल द्वारा शक्रस्तव महापूजन का आयोजन कराया गया, जिसमें मुंबई से पधारे रोहन भाई शाह ने परमात्मा की भव्य पूजा रचाई। रात्रि 108 दीपक से महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें महाकाल ग्रुप महासमुंद द्वारा भव्य प्रस्तुति दी गई।

### पोल्ट्री फार्म से मुर्गी चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पतेरापाली स्थित पोल्ट्री फार्म से मुर्गी चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 16 नग मुर्गी बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि 29 मार्च को प्रार्थी बसंत चंद्राकर पिता स्व. राजाराम चंद्राकर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि पतेरापाली नहर डायर्सन के पास स्थित उसके मुर्गी फार्म में लगे सीसीटीवी फुटेज से देखने पर आनंद राय नामक व्यक्ति 35 नग मुर्गी कीमत करीबन 3500 रुपए को चोरी कर ले गया। जिस पर धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की खोजबीन की गई। विवेचना के दौरान आरोपी आनंद राय को घर में दबिश देकर उसे अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने साथी नोहर सिंह राजपूत के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 16 नग मुर्गी कीमत 1600 रुपए, घटना में प्रयुक्त दो पुरानी हीरो सायकल को जब्त किया। महासमुंद पुलिस की आम जनता से यह अपील है कि, वे अपने घरों व दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं, जो संपत्ति की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीसीटीवी कैमरा न केवल अपराधियों में डर पैदा करता है बल्कि किसी अप्रिय घटना की स्थिति में पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने और आरोपियों तक पहुंचने में ठोस सबूत भी प्रदान करता है।




## खबर संक्षेप

### नवकार महिला मंडल ने लोगों में मठा बांटा

**धमतरी।** महावीर जयंती पर नवकार महिला मंडल द्वारा महाराष्ट्र बैंक के पास मठा का वितरण किया गया। इसमें लगभग 1000 लोग लाभान्वित हुए। इस अवसर पर सकल जैन समाज के अध्यक्ष आकाश गोलछा, उपाध्यक्ष निकेश कोटडिया, मंडल सचिव श्रीमती कुसुम गोलछा, सरला, शोभा, प्रीति छाजेड़, ज्योति भंसाली, कंचन चोपड़ा, दीपा जैन, संजू जैन समेत मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थीं।

### महावीर शाखा ने राहगीरों को गन्ना रस वितरित किया

**धमतरी।** महावीर वीरा शाखा महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर राहगीरों को गन्ना रस वितरित किया गया जिसके सहयोगदाता ज्ञानचंद, नीलू लुनावत थे। शाम को राष्ट्रीय गौशाला में गौमाता को रोटी और गुड़ की महावीर प्रसादी दी गई। सहयोगदाता हनुमान, ममता लुंकड़ थे। कार्यक्रम में ज्ञानचंद लुनावत, दिलीप बड़जात्या, स्वरूप बैद, विनोद चौरडिया, नीलू लुनावत, सूर्य लुंकड़, शोभा बैद, अंजू पारख, अनीता लुनावत, मधु जैन, सुधा लुनावत, संजू जैन, कल्पना लुनावत, ममता लुंकड़ का सहयोग रहा।

### लालबगीचा वार्ड में पानी की समस्या का समाधान

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 3 में लगातार बनी हुई पानी की समस्या को देखते हुए महापौर जगदीश रामू रोहरा, जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर एवं वार्ड पार्षद हिमानी साहू द्वारा निरंतर पानी की आपूर्ति कराई जा रही है, जिससे वार्डवासियों की पानी की समस्या काफी हद तक कम हो रही है। नगर निगम की टीम द्वारा वार्ड की समस्या पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### संस्कृत भारती छग प्रांत की समीक्षा योजना गोष्ठी हुई

**धमतरी।** संस्कृत भाषा को जन भाषा बनाने एवं संस्कृत से समर्थ भारत निर्माण के उद्देश्य लेकर संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ प्रांत इकाई की समीक्षा योजना गोष्ठी हुई। अखिल भारतीय अधिकारी सचिन कठाले के मार्गदर्शन एवं प्रांताध्यक्ष सत्येंद्र सेंगर के नेतृत्व में आगामी वर्ष की कार्य योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में मध्यक्षेत्र शिक्षण प्रमुख दादू त्रिपाठी, प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू, प्रांत मंत्री प्रवीणझाड़ी, शिक्षण प्रमुख नरेंद्र कुमार साहू, कार्यालय प्रमुख पारस साहू, विद्यालय प्रमुख होमेश्वर चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस आयोजन में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा, श्री उपाध्याय, कुशल साहू, कमलेश राठौर, श्रीमती सुभद्रा यादव, उषा साहू, स्वाति भोसले, हेमशंकर यादव पटवारी, चोवालाल धीवर, दीपक ठाकुर, मोहन साहू का विशेष योगदान रहा।

### भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व. गजराज को दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** शहर के वरिष्ठ एवं समर्पित भाजपा कार्यकर्ता स्वर्गीय गजराज जैन के दशगात्र (श्रद्धांजलि) कार्यक्रम में शामिल होकर जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. जैन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को वर्तमान मुकाम तक पहुंचाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे और धमतरी से लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक संगठन को मजबूत करने में उनकी भूमिका अहम रही। इस अवसर पर महापौर सहित नगर निगम के पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने स्व. गजराज जैन के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके द्वारा किए गए संगठनात्मक कार्यों को प्रेरणादायी बताया।

### गायत्री परिवार ने किया 13 वृद्धजनों का सम्मान

**धमतरी।** गायत्री परिवार मुजगहन द्वारा 13 वृद्धजनों का सम्मान किया गया। चैत्र नवरात्रि पर मुजगहन के धुनादास मंदिर प्रांगण में स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में नौ दिवसीय साधना अनुष्ठान का पांच कुण्डीय यज्ञ द्वारा पूर्णाहुति कर समापन किया गया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि गायत्री मंत्र की साधना बहुत ही फलदायी एवं कल्याणकारी है।

12 मीटर ऊंची टंकी आधी ही भरती है, पाइपलाइन लीकेज और आरओ प्लांट बंद होने से बढ़ी पानी की समस्या

# सांकरा में जल जीवन मिशन की टंकी बनी शोपीस, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा





सांकरा (कोरमुड़पारा) में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई उच्च स्तरीय जलागार टंकी ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। वर्ष 2021-22 में करीब 19.75 लाख रुपये की लागत से बनी 110 केएल क्षमता और 12 मीटर ऊंची यह टंकी आज भी अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार टंकी में पानी भरने के लिए पंचायत के बोरवेल में लगे 5 एचपी पंप का उपयोग किया जा रहा है। पूरे दिन पानी चढ़ाने के बाद भी टंकी मुश्किल से आधी ही भर पाती है। शाम के समय जब पानी की सप्लाई शुरू की जाती है, तो वह मात्र 10 मिनट ही चल पाती है, जो गर्मी के इस मौसम में बिल्कुल अपर्याप्त है।

इस मामले में पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि टंकी का अभी तक आधिकारिक हैंडओवर नहीं हुआ है। वहीं पीएचई विभाग के एसडीओ का दावा है कि टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है और हैंडओवर भी कर दिया गया है। दोनों पक्षों के अलग-अलग बयानों से ग्रामीणों में भ्रम और आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

इसके अलावा, मल्टीविलेज समूह जल प्रदाय योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन भी समस्या का बड़ा कारण बनी हुई है। ठेकेदार द्वारा नई पाइपलाइन डालने के दौरान पुरानी पाइपलाइन को कई जगहों पर क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे जगह-जगह लीकेज हो रहा है। परिणामस्वरूप पिछले दो महीनों से पानी की सप्लाई बाधित है और पानी आगे तक नहीं पहुंच पा रहा है।

नंदी चौक क्षेत्र के दुकानदार विशेष रूप से प्रभावित हैं, जहां पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। वहीं पंचायत द्वारा बनाए गए आरओ प्लांट भी बंद पड़े हैं। नंदी चौक का आरओ प्लांट अब तक नियमित रूप से चालू नहीं हो सका है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द टंकी को पूरी क्षमता से भरने, पाइपलाइन की मरम्मत करने और आरओ प्लांट चालू करने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# बिरनपुर, बोधसेमरा में शेड निर्माण का भूमिपूजन



- ग्रामीणों को मिलेगी सामुदायिक कार्यों के लिए बेहतर सुविधा : अरुण सार्वा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने ग्राम पंचायत देवपुर के आश्रित ग्राम बिरनपुर एवं बोधसेमरा में टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। श्री सार्वा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि टिन शेड का निर्माण गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के संचालन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है और जिला पंचायत लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है।

आगे बताया कि केंद्र और राज्य दोनों स्तर पर एक ही विचारधारा की सरकार होने के कारण विकास कार्यों को तेजी से स्वीकृति और क्रियान्वयन मिल रहा है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण क्षेत्र को मिल रहा है। मौके पर जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, सरपंच आत्माराम नेताम, सचिव डीगम्बर साहू, मिथिलेश साहू, सिरसिदा सरपंच नरसिंग मरकाम, आरती ध्रुव, रवि भट्ट, हनी कश्यप, भानेन्द्र सुरेशा, कार्तिकराम साहू, सुभाष पटेल, प्रताप सुरेशा, ईश्वरी कोसरे, तिलक मरकाम, बंशी साहू, शंकर सेन समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पुलिस उपनिरीक्षक का प्रशिक्षण लेकर घर लौटी देविका का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच गणेश्वर यादव की पुत्रवधू देविका परमेश्वर यादव पुलिस उप निरीक्षक के रूप में प्रशिक्षण पूर्ण कर एक वर्ष बाद अपने गृह ग्राम सांकरा पहुंचीं। उनके आगमन पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। गांववासियों एवं परिजनों द्वारा फूलमालाओं से उनका स्वागत किया गया। देविका की इस उपलब्धि से पूरे गांव का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार एवं गुरुओं को देते हुए युवाओं को कड़ी मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुरूद में आज से श्रीमद् भागवत महापुराण

**कुरूद।** वार्ड क्रमांक सात स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के पास नर्मदेश्वर सेवा समिति वृंदावन सरोवर कुरूद के सहयोग से श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 1 से 9 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से किया जा रहा है। कथाव्यास पं. नागेश्वर प्रसाद दुबे के श्रीमुख से भक्तगण प्रतिदिन कथा का रसपान करेंगे। 1 अप्रैल को कलश यात्रा, स्थापना, गौकर्ण कथा, 2 को परिक्षित जन्म, शुकदेव द्वारा कथा प्रारंभ, 3 को सति चरित्र, ध्रुव चरित्र, पृथु चरित्र, 4 को भरत चरित्र, अजामिलोपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, 5 को गजेंद्र मोक्ष, वामन चरित्र, श्रीराम अवतार, श्री कृष्ण अवतार, 6 को श्रीकृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मणि विवाह, 7 को भगवान का अन्य विवाह, सुदामा चरित्र, 8 को यदुकुल को श्राप, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 9 को गीता पाठ, यज्ञ-हवन, पूर्णाहुति, कथा विश्राम का आयोजन होगा।

# सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

- लड़ेर में साहू समाज पहंदा परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन हुआ
- संगठन और एकता से ही समाज मजबूत बनता है : वीरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड





ग्राम पंचायत लड़ेर में साहू समाज पहंदा परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन हुआ। अधिवेशन में समाज की एकता, शिक्षा, संगठन और सामाजिक उत्थान को लेकर सार्थक चर्चा की गई तथा समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश साहू जिला साहू संघ अध्यक्ष एवं रोहित साहू तहसील साहू संघ अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की ताकत उसकी एकता और संगठन में निहित होती है। यदि समाज संगठित होकर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ेगा तो निश्चित रूप से आने वाला समय समाज के लिए गौरवशाली होगा।

अति विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड ने कहा कि संगठन और एकता से ही समाज मजबूत बनता है। समाज के युवा यदि शिक्षा, संस्कार और सामाजिक चेतना के साथ आगे आएंगे तो समाज का भविष्य और अधिक सशक्त होगा।

इस अवसर पर डॉ. लेखराज साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, राजेन्द्र साहू, होरीलाल साहू, विजय साहू, हरिशंकर साहू, छन्नू राम साहू, सुरेश साहू, रामचन्द्र साहू, इशू साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए और समाज को संगठित रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में श्रीमती नंदनी साहू, सरस्वती साहू, उमा निषाद सरपंच समेत आठ गांवों के साहू समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिकजन उपस्थित थे।

# धर्मांतरण पर रोक व नशामुक्ति को बढ़ावा देने पर जोर

- ग्राम नवागांव में साहू समाज का परिक्षेत्रीय वार्षिक सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

बेलरगांव परिक्षेत्र के ग्राम नवागांव में परिक्षेत्रीय स्तर पर वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलशयात्रा निकालकर भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अतिथियों एवं समाज प्रमुखों ने अपने संबोधन में समाज की एकता बनाए रखने, नशामुक्ति को बढ़ावा देने तथा धर्मांतरण पर रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए परिवार में अच्छे संस्कारों के विकास की बात कही।

पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन करते हुए परिक्षेत्रीय अध्यक्ष मनीराम राम की ताजपोशी की गई। पूरे आयोजन में सामाजिक एवं धार्मिक वातावरण बना रहा, जिसमें परंपरा और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। जिला संगठन सचिव सुभाषचंद्र साहू ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन करने की बात कही। मौके पर जिला कर्मचारी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष टिकेश साहू, तहसील साहू समाज के अध्यक्ष कंवलराम साहू, उपाध्यक्ष योगेंद्र साहू, महासचिव पदुम साहू, सहसचिव पेमन साहू, कोषाध्यक्ष गौतम चंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष हेमलता साहू, जनपद सदस्य नंदनी साहू, सीताबाई साहू, कमला साहू, बेलरगांव परिक्षेत्र के लीलंबर साहू, खेमंत साहू, लोमश साहू, प्रकाश साहू, अहिल्या साहू, ईश्वरी साहू, महेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित

# छाती पाली यादव समाज के रमेश उपाध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज के धमतरी राज भवन में छाती पाली द्वारा नये उपाध्यक्ष का चयन सर्वसम्मति से किया गया। कुछ माह पहले पूर्व उपाध्यक्ष स्व. रमेश यादव का स्वर्गवास हो जाने से रिक्त पद की पूर्ति हेतु छाती पाली द्वारा अंकालू यादव को नया उपाध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया। छाती पाली के अध्यक्ष कोमू राम यादव ने उनका अक्षत गुलाल के साथ स्वागत कर उन्हें पदभार सौंपा।

इस अवसर पर कोसरिया यादव समाज छाती पाली के सचिव खोमेश यादव, सहसचिव नरेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष रमेश यादव, संचालक भोलेश्वर यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डोमेश्वर यादव, पाली पंचगण, परशु यादव, भागवत यादव, खेमराज यादव, नकुल यादव, अजय यादव, लाकेश्वर यादव, सहदेव यादव, हरिश्चंद्र यादव, गंगाराम यादव, कल्याण यादव, नेतराम यादव, महादेव यादव, समाज सेवक अरुण यादव उपस्थित थे।

## खर्रा में अखंड रामायण शुरू, आज निकलेगी शोभायात्रा



**सिर्री।** ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 31 मार्च से 2 अप्रैल तक रखा गया है। 31 मार्च मंगलवार को दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही भगवान हनुमान का श्रृंगार, अखंड रामायण एवं चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया। पूजन कार्यक्रम ग्राम नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा ने कराया। 1 अप्रैल बुधवार की शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी। 2 अप्रैल को हवन पूजन के साथ ही महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए जस जागृति जस बईहा झांकी परिवार मौलीभठा (बेमेतरा) की प्रस्तुति होगी।

## 9.73 लाख से होगा डोंगरिया तालाब का गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम पंचायत चिंवरी में मनरेगा के तहत डोंगरिया तालाब का गहरीकरण किया जायेगा। इसकी लागत 9.73 लाख रूपये है। भूमिपूजन सरपंच संजीत कुमार साहू सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने किया। मौके पर उपसरपंच भोलाराम पंचगण रामदेव, संजय, अशोक, मोतीराम गगनदीप, देवेंद्र, गोवर्धन संतोष वर्मा, हीरा साहू, प्रमिला साहू, सुशीला साहू, ममता साहू, मेनका ध्रुव, सीमा साहू, सचिव उपेंद्र साहू, रोजगार सहायक यादेश्वर साहू, ऑपरेटर रवि साहू, महेश साहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

अग्रसेन समाज भवन में भाजपा गंगरेल मंडल के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन

# प्रशिक्षण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की आधारशिला है : डॉ. बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






भाजपा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 अंतर्गत गंगरेल मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 29-30 मार्च को अग्रसेन समाज भवन में आयोजित किया गया।

उद्घाटन सत्र में धमतरी जिला प्रभारी डॉ. किरण बघेल ने प्रशिक्षण वर्ग की उपयोगिता पर कहा कि प्रशिक्षण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती प्रशिक्षित एवं वैचारिक रूप से जागरूक कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है।

श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए और संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।

रवि दुबे ने छत्तीसगढ़ के इतिहास एवं विकास विषय पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि एवं वर्तमान विकास यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र के इतिहास और उपलब्धियों की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे समाज में सकारात्मक संवाद स्थापित कर सकें।

द्वितीय सत्र में ठाकुर शशि पवार ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर विचार प्रस्तुत करते हुए पार्टी की मूल विचारधारा, राष्ट्रवाद, अंत्योदय एवं सेवा भाव के सिद्धांतों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केवल संगठन का हिस्सा नहीं, बल्कि विचारधारा के वाहक होते हैं और उन्हें अपने आचरण में इन मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए।

तृतीय सत्र में अविनाश दुबे ने कार्यपद्धति (कार्यकर्ता संचालन) विषय पर बताया कि संगठन में कार्य करने की स्पष्ट प्रणाली, जिम्मेदारियों का विभाजन एवं समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

चतुर्थ सत्र में तिलोकचंद जैन ने कार्यविस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर विचार रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा जनसंपर्क को निरंतर बढ़ाने की रणनीति साझा की।

पंचम सत्र में श्री शुभम नवीन यदु ने सोशल मीडिया, एआई एवं नमो ऐप विषय पर प्रशिक्षण देते हुए बताया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से संगठन की गतिविधियों एवं सरकार की योजनाओं को व्यापक स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रचारित किया जा सकता है। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के सही उपयोग पर विशेष जोर दिया।

षष्ठम सत्र में चेतन हिंदूजा ने सुगम प्रबंधन एवं आगामी कार्यक्रम विषय पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सफल आयोजन के लिए समय प्रबंधन, समन्वय एवं योजनाबद्ध कार्यशैली आवश्यक है।

सप्तम सत्र में राकेश साहू ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत एवं परंपरा पर उद्बोधन देते हुए कार्यकर्ताओं में अपनी संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति गर्व की भावना जागृत की।

मौके पर राजेश शर्मा, महेन्द्र पंडित, मंडल प्रशिक्षण प्रभारी श्यामा साहू, सह प्रभारी उमेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश गोलछा, ऋषभ देवांगन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता यादव, मंडल महामंत्री चंद्रहास जैन, दिग्विजय सिंह कृदत्त, नरेश यादव, पवित्रा दीवान, सुलोचना देवांगन, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, उर्वशी ध्रुव, टिकेश्वरी साहू, जागेश्वर नेताम समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खट्टी सबस्टेशन की क्षमता में वृद्धि, क्षेत्र के 12 से अधिक गांवों को मिलेगी लो-वोल्टेज और ओवरलोडिंग से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण इलाकों में बिजली की समस्या को दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आमाकोनी सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि किए जाने के बाद अब 31 मार्च 2026 को 33/11 केवी खट्टी सबस्टेशन की ट्रांसफार्मर क्षमता को 3.15 एमवीए से 5 एमवीए में विस्तार किया गया है, जिससे क्षेत्र के एक बड़े हिस्से को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

क्षेत्र में कृषि और घरेलू उपयोग के लिए बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए विभाग ने खट्टी सबस्टेशन के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। इस अपग्रेडेशन के बाद अब सबस्टेशन की भार वहन करने की क्षमता बढ़ गई है, जिससे लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का स्थाई समाधान होगा। सब स्टेशन की क्षमता बढ़ने से खट्टी सहित आसपास के कई गांवों के हजारों उपभोक्ताओं को फायदा होगा। लाभान्वित होने वाले मुख्य गांवों में हिच्चा, पोटिया, जीवनगढ़, पेंड्रा, तुसदा, डूमरपाली, लभराकला, परसदा, धरमपुर, बिजराडीह, अमेठी, खट्टी, कोना और फुलझर शामिल है।



### लो-वोल्टेज और ओवरलोडिंग का होगा खात्मा

विद्युत विभाग के अनुसार, इन क्षेत्रों में विशेष रूप से खेती के दिनों में लो-वोल्टेज और बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की बड़ी समस्या रहती थी। क्षमता बढ़ने से अब फीडर पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए और ग्रामीणों को घरेलू उपयोग के लिए स्थिर वोल्टेज पर बिजली मिल सकेगी। कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्य को विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पूरा किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि विद्युत कंपनी का लक्ष्य हर ग्रामीण क्षेत्र तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाना है। इस पहल की स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने सराहना की है, क्योंकि इससे आने वाले सीजन में फसलों की सिंचाई में काफी आसानी होगी। बुनियादी ढांचे में यह सुधार भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया है।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो के जिला कार्यसमिति के सदस्य बने धर्मेंद्र



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी व विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र यादव को भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

### नवकार महिला मंडल ने लोगों में मठा बांटा

**धमतरी।** महावीर जयंती पर नवकार महिला मंडल द्वारा महाराष्ट्र बैंक के पास मठा का वितरण किया गया। इसमें लगभग 1000 लोग लाभान्वित हुए। इस अवसर पर सकल जैन समाज के अध्यक्ष आकाश गोलछा, उपाध्यक्ष निकेश कोटडिया, मंडल सचिव श्रीमती कुसुम गोलछा, सरला, शोभा, प्रीति छाजेड़, ज्योति भंसाली, कंचन चोपड़ा, दीपा जैन, संजू जैन समेत मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थीं।

### महावीर शाखा ने राहगीरों को गन्ना रस वितरित किया

**धमतरी।** महावीर वीरा शाखा महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर राहगीरों को गन्ना रस वितरित किया गया जिसके सहयोगदाता ज्ञानचंद, नीलू लुनावत थे। शाम को राष्ट्रीय गौशाला में गौमाता को रोटी और गुड़ की महावीर प्रसादी दी गई। सहयोगदाता हनुमान, ममता लुंकड़ थे। कार्यक्रम में ज्ञानचंद लुनावत, दिलीप बड़जात्या, स्वरूप बैद, विनोद चौरडिया, नीलू लुनावत, सूर्य लुंकड़, शोभा बैद, अंजू पारख, अनीता लुनावत, मधु जैन, सुधा लुनावत, संजू जैन, कल्पना लुनावत, ममता लुंकड़ का सहयोग रहा।

### लालबगीचा वार्ड में पानी की समस्या का समाधान

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 3 में लगातार बनी हुई पानी की समस्या को देखते हुए महापौर जगदीश रामू रोहरा, जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर एवं वार्ड पार्षद हिमानी साहू द्वारा निरंतर पानी की आपूर्ति कराई जा रही है, जिससे वार्डवासियों की पानी की समस्या काफी हद तक कम हो रही है।

# पब्लिक स्कूल तुमगांव में हुआ भूतपूर्व छात्रों का मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तुमगांव स्थित पब्लिक उच्चतर माध्यमिक शाला में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा मित्र मिलन कार्यक्रम के साथ ही अपने गुरुजनों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने सुदूरवर्ती जगह दंतेवाड़ा, छिंदवाड़ा, बेमेतरा, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, रायपुर और अनान्य जगहों से लगभग 105 छात्र-छात्राएं अपने परिवार के साथ उत्साहपूर्वक उपस्थित होकर शामिल हुए और अपने इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते समय बिताए गए अपने अनमोल पलों को याद कर आनंदित हुए।

कार्यक्रम में सबसे उत्साहवर्धक कार्यक्रम रहा, जिसमें पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा पूर्व शिक्षकगण हरीश पांडे पूर्व प्राचार्य, आरडी पाल, केएस दीवान, हीराराम यादव, जीआर वर्मा, टीआर चंद्राकर, सुरेंद्र मानिकपुरी वर्तमान प्राचार्य, शोभा दीवान, बीपी साहू, क्लर्क शिव कुमार यादव, मोहनलाल यादव और स्वर्गीय शिक्षकों और कर्मचारियों के परिजनों को शॉल, श्रीफल और मोमेंटो से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित समस्त शिक्षकगणों द्वारा सरस्वती पूजा वंदन कर प्रारंभ किया गया। पश्चात छात्र जीवन अनुसार ही पूर्व शालानायक रमाशंकर साहू एवं हर्ष शर्मा द्वारा राष्ट्रगान करवाया गया। तत्पश्चात उपस्थित समस्त पूर्व छात्र-छात्राओं का परिचय कार्यक्रम, स्नेह भोज हुआ। पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा इस कार्यक्रम की स्मृति स्वरूप स्कूल में वॉटर कुलर की संपूर्ण फिटिंग के साथ स्थापना करवाया गया। तत्पश्चात पूर्व शिक्षकगणों द्वारा इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए फलदार पौधों का रोपण किया गया पूर्व प्राचार्य हरीश पांडेय और वर्तमान प्राचार्य सुरेंद्र मानिकपुरी ने अपना आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मानिक साहू और नगर निगम दुर्ग की ब्रांड एंबेसडर नविता शर्मा ने किया। इस अवसर पर भारतलाल दीवान, कपिल साहू, ऋषि शर्मा, ललित साहू, ओमप्रकाश यादव, मनहरण टंडन, हर्ष शर्मा, ऐतराम साहू, प्रकाश गिरी गोस्वामी, सुरेंद्र रजक, अपूर्व पांडेय, नीलकंठ यादव, मनीराम पटेल, मनोज वैष्णव, उपेंद्र साहू, राजेश साहू आद मौजूद रहे।



### महावीर जयंती पर शोभायात्रा में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** महावीर जयंती पर जैन समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश के कार्य समिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। यह शोभायात्रा गांधी चौक से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से जैन मंदिर में पहुंची। सुबह से ही शहर में उत्साह का माहौल रहा। जिनमें समाज के युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। लोग अहिंसा, संयम और अच्छे आचरण के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिससे पूरे शहर में धार्मिक वातावरण बन गया। भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर थे, जो अहिंसा परमोधर्म (अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म है) के पुजारी थे। उन्होंने न केवल मनुष्यों बल्कि सूक्ष्म जीवों के प्रति भी करुणा, प्रेम और रक्षा का संदेश दिया। उनका मानना था कि आत्म-संयम, सदाचार, और सत्य के मार्ग पर चलकर ही मुक्ति (निर्वाण) प्राप्त की जा सकती है। महावीर स्वामी और अहिंसा के मूल सिद्धांतः जियो और जीने दोः महावीर स्वामी ने जियो और जीने दो का सिद्धांत दिया, जो समानता और सह-अस्तित्व की भावना को बढ़ावा देता है।

# नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय के 12 अभ्यर्थी सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा के लिए हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद का संचालन युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित रूप से संचालित है।

जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित हुए हैं। जिसमें नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय के 12 अभ्यर्थियों का चयन सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा के लिए हुआ है। इसमें प्रमिला माण्डले, ओजस्वी कुमार, पीतांबर डड़सेना, सूरज प्रताप सिंह, भुनेश्वरी झारे, ब्रिजेश बारिक, शेष नारायण शुक्ला, दीपक कुमार यादव, कोमल राठी, पोखेंद्र दीवान, पूजा महानंद, युगल ध्रुव का चयन हुआ है। इस उपलब्धि के लिए विनय कुमार लंगेह कलेक्टर व अध्यक्ष नवकिरण अकादमी प्रबंधन व संचालन समिति, हेमंत रमेश नंदनवार सीईओ जिला पंचायत व उपाध्यक्ष नवकिरण, रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी नवकिरण, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी व सदस्य सचिव नवकिरण, प्रमोद कुमार कन्नौजे सहायक जिला परियोजना अधिकारी महासमुंद, डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय, मनोज पुरी गोस्वामी, नवकिरण अकादमी के विषय विशेषज्ञ चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, सौरभ जैन, राजदीप साहू, देवेंद्र निषाद, ग्रंथपाल यश चक्रधारी, भागवत प्रसाद पटेल, विवेक चंद्राकर, परस कमार, रीतेश नायक, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू सहित अध्यनरत समस्त अभ्यर्थियों ने हर्ष जताया है।

# खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई रफ्तार 74.15 करोड़ से सड़क निर्माण को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के लिए बिहाझर–गांजर–रेवा मार्ग (कुल लंबाई 29.90 किलोमीटर) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 74.15 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति को वित्त विभाग द्वारा मंजूरी मिलने से विकास को गति मिलेगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना में सड़क के साथ-साथ पुल एवं पुलिया निर्माण भी शामिल है, जिससे क्षेत्रीय यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाया जा सकेगा।



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पिलेश्वर पटेल ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी, लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू एवं समस्त जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह निर्णय खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा और आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। परियोजना उसी संकल्प का प्रतीक है। स्थानीय लोगों में इस घोषणा को लेकर उत्साह का माहौल है और जल्द निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद जता रहे हैं।

# महावीर जयंती पर नगरी में निकली शोभायात्रा

- शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

नगरी में महावीर जयंती पर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर की पूजा- अर्चना की गई। जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड होते हुए बजरंग चौक पहुंची, जहां जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात शोभायात्रा महावीर चौक वार्ड क्रमांक 11 पहुंची। वहीं वीर स्तंभ में श्री छाबड़ा द्वारा ध्वज चढ़ाया गया। महावीर चौक में नगर पंचायत अध्यक्ष की निधि से निर्मित महावीर स्तंभ पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा विधि-विधान के साथ ध्वज चढ़ाया गया तथा महावीर स्तंभ की पूजा-अर्चना की गई। ध्वजारोहण के पश्चात पुष्प वर्षा कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया।





कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नागेंद्र शुक्ला, महेंद्र नेताम, दिनेश्वरी नेताम, प्रतिमा देवांगन, रूपेंद्र साहू वार्ड पार्षद, अश्विनी निषाद, अंबिका ध्रुव समेत अन्य उपस्थित रहे। ध्वज चढ़ाते समय पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो गया।

शोभायात्रा में समाज की महिलाएं लाल रंग के परिधान में तथा पुरुष सफेद कुर्ता-पायजामा पहनकर अनुशासित रूप से चल रहे थे, जो आकर्षण का केंद्र रहे।

# समाज की एकता बनाए रखने, धर्मांतरण पर रोक लगाने की मांग

- बेलरनवागांव में साहू समाज का हुआ परिक्षेत्रीय वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

तहसील साहू समाज नगरी सिहावा अंतर्गत बेलरगांव परिक्षेत्र के ग्राम नवागांव में परिक्षेत्रीय स्तर पर वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा निकालकर भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों एवं समाज प्रमुखों ने अपने संबोधन में समाज की एकता बनाए रखने, नशामुक्ति को बढ़ावा देने तथा धर्मांतरण पर रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए परिवार में अच्छे संस्कारों के विकास की बात कही। पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन करते हुए परिक्षेत्रीय अध्यक्ष मनीराम राम की ताजपोशी की रस्म भी संपन्न कराई गई। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया, जिससे युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिला।





कार्यक्रम में जिला संगठन सचिव सुभाषचंद्र साहू, जिला कर्मचारी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष टिकेश साहू, तहसील साहू समाज के अध्यक्ष कंवल राम साहू, उपाध्यक्ष योगेंद्र साहू, महासचिव पदुम साहू, सहसचिव पेमन साहू, कोषाध्यक्ष गौतम चंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष हेमलता साहू, जनपद सदस्य नंदनी साहू, सीता बाई साहू, कमला साहू, लीलांबर, शिव कुमार साहू समेत समाजजन मौजूद थे।

# दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में कल गूंजेगा सीताराम संकीर्तन



**सरायपाली।** नगर सहित अंचल में आगामी 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। संकटमोचन हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र के सभी मंदिरों में विशेष तैयारियां अंतिम चरण में हैं। विशेष रूप से नगर के प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर वन विभाग परिसर में इस वर्ष भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। हनुमान मंदिर के पुजारी ने बताया कि जन्मोत्सव पर भगवान हनुमान का अलौकिक और भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत जन्मोत्सव के पूर्व संध्या से होगी। जिसमें सीताराम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय गायकों और श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु श्रीराम और भक्त शिरोमणि के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए केवल नगर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र के अन्य प्रमुख हनुमान मंदिरों में भी सुबह से ही अभिषेक, सुंदरकांड पाठ और भंडारे के आयोजन सुनिश्चित किए गए हैं। मान्यता है कि दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर वन विभाग परिसर में दर्शन मात्र से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि इस विशेष दिन पर यहाँ न केवल स्थानीय बल्कि दूरदराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचते है।

# आमदी को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन मिली बड़ी सौगात



- 3.5 किलोमीटर सड़क को गौरव पथ के रूप में विकसित करने 21.19 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम दिन आमदी नगर पंचायत क्षेत्र को बड़ी विकास सौगात मिली है। लंबित 3.5 किलोमीटर सड़क को डिवाइडर सहित गौरव पथ के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को शासन ने मंजूरी देते हुए 21.19 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए हैं। इस निर्णय से पूरे आमदी क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। महापौर रामू रोहरा के लगातार प्रयास से यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो सकी। परियोजना को प्राथमिकता दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और सांसद रूपकुमारी चौधरी से लगातार चर्चा की गई जिसका सकारात्मक परिणाम अंतिम दिन सामने आया।

इस गौरव पथ के निर्माण से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, साथ ही सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था और डिवाइडर जैसी सुविधाओं से आमदी की पहचान और मजबूत होगी। यह मार्ग आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। गौरतलब है कि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू के नेतृत्व में पार्षदों, जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से मिलकर इस मांग को प्राथमिकता देने का आग्रह किया था। जनप्रतिनिधियों की इस पहल और महापौर के प्रयास से आखिरकार क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई।

# अष्टमी पर हवन पूजन व नौकन्या भोज हुआ

**कोर्रा(भखारा)।** जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा मां बम्लेश्वरी मंदिर ग्राम अमलीडीह में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई। गुरुवार को अष्टमी पर हवन पूजन, नौकन्या भोज एवं प्रसादी भंडारा का कार्यक्रम रखा गया था। मौके पर समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, कोषाध्यक्ष देवनाथ साहू, सचिव अंजू साहू, सहसचिव दिनेश कुमार साहू, संजय कुमार साहू, सागर साहू, रामेश्वर साहू, सोमप्रकाश यादव, रोमसिंह, कीर्तन साहू, डोमार साहू, खुलेश्वर साहू, संतोष निर्मलकर, जगदीश साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मौजूद थे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

**धमतरी।** हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को बैगापारा दानीटोला वार्ड में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। सीताराम हनुमंत भक्त परिवार द्वारा श्री बालाजी हनुमंत धाम में दिनभर विविध धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5 बजे ध्यान, रुद्राभिषेक, श्रृंगार, सामूहिक आरती एवं हनुमान चालीसा पाठ से होगी। इसके बाद सुबह 6:30 बजे से अखंड रामायण एवं सुंदरकांड पाठ प्रारंभ होगा। सुबह 10:30 बजे हवन-पूजन के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। शाम 4 बजे मां विंध्यवासिनी धाम परिसर से हनुमंत धाम दानीटोला तक भव्य भगवा ध्वज के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।



## खबर संक्षेप



### मानस मंडलियों को राम टोकरी भेंट

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। टीकाकारों ने हनुमान राम मिलन की कथा सुनाई। सरस्वती स्वर संगम मानस मंडली धुंधकारी, जय राम मानस मंडली तुलसी, जय छत्तीसगढ़ मानस मंडली कुसमुंद, राम श्याम मानस मंडली महासमुंद, नच चेतना मानस मंडली कोसमखुंटा आरंग, शीतला मानस मंडली गोइंदा धमतरी को श्रीराम फोटो फ्रेम व राम टोकरी भेंट किया गया।

### मरार समाज नर्राराज की बैठक आज

**नर्रा।** मरार समाज नर्राराज कार्यकारिणी की बैठक ग्राम नर्रा के समाजिक भवन में 1 अप्रैल बुधवार को प्रातः 10 बजे से रखा गया है। जिसमें समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होगा। इसके बाद सेवा समर्पित पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान मोमेंटो व अंग वस्त्र देकर किया जाएगा। बैठक में खल्लारी राज के समाज पदाधिकारी भी सम्मिलत होंगे। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने जानकारी दी है और समाज के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### टोल टैक्स दरों में वृद्धि कर यात्रियों की जेब पर सरकार का डाका, बढ़ेगी महंगाईः भूपेंद्र

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने टोल टैक्स दरों में वृद्धि पर एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य में नेशनल हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों पर टैक्स बढ़ाना चिंतनीय है। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टोल टैक्स की नई दरें 1 अप्रैल से लागू की हैं। टोल दरों में वृद्धि से ट्रकों और व्यावसायिक वाहनों का परिचालन खर्च बढ़ेगा, जिससे वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होगी और आगे महंगाई बढ़ेगी।

### गायत्री शक्ति पीठ खैरा में हुआ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**महासमुंद।** गायत्री शक्ति पीठ सितली नाला खैरा में दो दिवसीय 29 एवं 30 मार्च को मंगल कलश यात्रा के साथ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के प्रज्ञा पीठ एवं शक्ति पीठ पाली, खट्टी, बेमचा, मोंगरा आदि स्थानों से गायत्री परिजन आकर गायत्री महायज्ञ में सम्मिलित हुए। साथ ही मुख्य गेट का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर पंडित प्रभात उपाध्याय महाराज द्वारा संगीत में प्रस्तुति एवं दृष्टा ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा के संदेश को जन जन तक सरोकार करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राकेश चंद्राकर, सरिता चंद्राकर, सुनीता चंद्राकर, धनीराम साहू, नीतू साहू, चंद्रकला साहू, छन्नूलाल साहू, नवीन शर्मा, गुलाल पटेल, राजेंद्र साहू, श्याम दुबे, नरेंद्र नायक, चुन्नीलाल साहू, रामचरण पटेल, उदय राम साहू, लक्ष्मी साहू, रविकांत चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



# बारनवापारा अभ्यारण्य में 34 काले हिरणों को प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया, पुनर्स्थापना अभियान को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य में काले हिरणों (ब्लैकबक) को उनके प्राकृतिक आवास में स्वच्छंद विचरण के लिए मुक्त किया गया। अभ्यारण्य स्थित ब्लैकबक कंजर्वेशन सेंटर से कुल 34 काले हिरणों को वैज्ञानिक पद्धति के तहत दो चरणों में छोड़ा गया।

वन विभाग के अनुसार इस वर्ष अभ्यारण्य में 60 ब्लैकबक के पुनर्स्थापन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत यह कार्रवाई एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। काले हिरणों के स्थानांतरण की पूरी प्रक्रिया आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए संपन्न की गई। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि हिरणों को किसी प्रकार का तनाव या बाधा न हो। मुक्त किए गए हिरण अब रामपुर ग्रासलैंड में पहले से मौजूद काले हिरणों के समूह के साथ मिलकर स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे हैं। अधिकारियों का मानना है कि इस नए समूह के जुड़ने से क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही वन विभाग द्वारा इनकी नियमित निगरानी भी की जाएगी, ताकि इनके संरक्षण और संवर्धन को सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि काले हिरण, जो एक समय छत्तीसगढ़ की धरती से विलुप्त हो चुके थे, अब पुनर्स्थापन प्रयासों के चलते फिर से अपने प्राकृतिक आवास में लौट रहे हैं और खुले वातावरण में कुलांचे भरते नजर आएंगे। इस दौरान अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर, परिक्षेत्र अधिकारी कविता ठाकुर, सूर्यप्रकाश जाधव, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गीतेश बंजारे, फील्ड बायोलॉजिस्ट सौरव मेहरा, पशु चिकित्सक जयकिशोर जड़िया सहित अभ्यारण्य के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्य : स्ट्रिंग गर्डर का फेब्रिकेशन एवं लॉन्चिंग कार्य प्रगति पर

# एनएच-353 पर बेलसोंडा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण से आवागमन होगा सुगम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आधारभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर बेलसोंडा में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम एवं सुरक्षित हो जाएगी।

इस ओवरब्रिज के निर्माण के लिए 52.29 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति 30 जुलाई 2024 को प्राप्त हुई है। कोकिला राव (ब्रिज एनएच) ने बताया कि 1.23 किलोमीटर लंबाई के इस टू-लेन ओवरब्रिज का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में तेजी से किया जा रहा है। परियोजना के तहत रेलवे क्रॉसिंग पर 72 मीटर स्पान के बो स्ट्रिंग गर्डर का फेब्रिकेशन एवं लॉन्चिंग कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है और अब तक लगभग 50 प्रतिशत भौतिक प्रगति पूर्ण कर ली गई है। फाउंडेशन एवं सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि आरई वॉल एवं सुपर-स्ट्रक्चर का कार्य वर्तमान में जारी है। इस परियोजना को नवंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त रेलवे क्रॉसिंग से प्रतिदिन लगभग 80 से 100 पैसेंजर एवं मालगाड़ियां गुजरती हैं, जिससे फाटक पर अक्सर लंबे समय तक जाम की स्थिति बनती है। ओवरब्रिज के निर्माण से इस समस्या से स्थायी समाधान मिलेगा और आमजन के समय की बचत होगी। इस ओवरब्रिज के पूर्ण होने से सीधी एवं सुगम कनेक्टिविटी स्थापित होगी। साथ ही महासमुंद जिले के निवासियों को यातायात संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। महासमुंद जिला अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। इस महत्वपूर्ण अधोसंरचना परियोजना के पूर्ण होने से जिले के विकास को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# खल्लारी में चैत्र पूर्णिमा मेला महोत्सव का शुभारंभ आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी


जिला के ऐतिहासिक, धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी के ऐतिहासिक चैत्र पूर्णिमा मेला की तैयारी अंतिम चरण में है। मेला का शुभारंभ आज बुधवार 1 अप्रैल से होगा। वहीं मुख्य मेला 2, 3, 4 एवं 5 अप्रैल को लगेगा। खल्लारी मेला की शुरुआत यहां के प्रमुख देवी देवाओं की पूजा अर्चना से होगी। माता राऊर स्थित खल्लारी मातेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी भवानीदास वैष्णव ने बताया कि बुधवार 1 अप्रैल चौदस की रात्रि में खल्लारी पहाड़ी में स्थापित सिध्द बाबा की प्रथम पूजा अर्चना पश्चात पहाड़ा वाली खल्लारी की विशेष श्रृंगार और पूजा अर्चना ग्राम के बैगा एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में होगी।

### महोत्सव पर 4 दिवसीय कार्यक्रम

चैत्र पूर्णिमा मेला महोत्सव में लोक कला संस्कृति से जुडे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन गुरूवार 2 से रविवार 5 अप्रैल को रात्रिकालिन आयोजन भी रखा गया है। जहां पूरे 4 दिनों तक खल्लारी मेला महोत्सव में देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी। पंचायत खल्लारी व जनपद पंचायत बागबाहरा के प्रतिनिधियों सहित खल्लारी पुलिस के जवान अपने विभाग के आला अधिकारियों के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मेले को लेकर खल्लारी थाना से मिली जानकारी अनुसार प्रतिवर्षानुसार इस बार खल्लारी में लगने वाले भीड़ के मद्देनजर इस बार भी पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# कर्मा जयंती कार्यक्रमों में शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छपोराडीह, सिंघनपुर व सिंघी में आयोजित कर्मा जयंती समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

माता कर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए नपाध्यक्ष निखिलकांत ने कहा कि माता ने साहू समाज ही नहीं अपितु समस्त मानव जाति को सदमार्ग दिखाया है। उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलते हुए हमें सदैव समाज सेवा एवं सामाजिक उत्थान के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि साहू समाज एक ऐसा समाज है, जो सबको साथ लेकर चलने की भावना रखता है। और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

साहू समाज आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने समाज में बच्चों के शिक्षा व संस्कार पर विशेष जोर देते हुए सभी को संगठित रहने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी व समाजजन उपस्थित रहे।

# एसआई का प्रशिक्षण प्राप्त कर पहली बार गांव आए थलेंद्र का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



तेंदूवाही निवासी थलेंद्र प्रसाद भारती के पुलिस सब-इंस्पेक्टर का प्रशिक्षण उपरांत पहली बार गृह ग्राम आने पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज तुमगांव परिक्षेत्र द्वारा तुमगांव चौक में स्वागत किया गया। बाद बाइक रैली के माध्यम से तेंदूवाही तक ले जाया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष खोशिल गेंड्रे ने थलेंद्र भारती का स्वागत कर दुःखी फरियादियों का निराकरण संवैधानिक रूप से करते हुए ईमानदारी से कर्तव्य पालन करने प्रोत्साहित किया। तुमगांव परिक्षेत्र के अध्यक्ष वेदराम गिलहरे ने थलेंद्र की सफलता को क्षेत्र के लिए गौरवशाली बताया।

इस दौरान संघर्ष समिति ब्लॉक अध्यक्ष हर्षप्रताप मन्नाडे, तुमगांव परिक्षेत्र सचिव गोवर्धन खूंटे, उपाध्यक्ष लोकनाथ कुर्रे व परमानंद बंजारे, मीडिया प्रभारी अजय कुमार मालवीय, ग्राम कमेटी के अध्यक्षों में शुभम टंडन तुमगांव, डिगेश्वर सत्यम अमावस, चम्मन मार्कंडेय बेलटुकरी, रूपेश टंडन, हेमंत सोनवानी मौजूद रहे।

## खुटेरी में रामचरित मानस गान का आयोजन, श्रीराम-जानकी की निकाली गई बारात





**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत ख़ुटेरी में दो दिवसीय रामचरित मानस गान का आयोजन किया गया। आयोजन में सभी राम भक्तों द्वारा उल्लास के साथ सहयोग किया गया। अंतिम दिन श्रीराम जानकी का आतिशबाजी के साथ बारात एवं झांकी निकाली गई। सभी भक्तों के लिए महाभंडारा रखा गया था। इस अवसर पर सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच ऐसराम पटेल, अध्यक्ष दशरथ साहू, रघुनंदन पटेल, घनश्याम धांधी, हंसराज निषाद, महेश नेताम, प्रकाश साहू, गोवर्धन ठाकुर, रमेश बरिहा, उमाशंकर सिन्हा, रमाशंकर पटेल, केशराम सेन, नरेंद्र ध्रुव, कुंज राम पटेल, रमेश बरिहा, नारायण ध्रुव, लिलेश्वरी, आरती, भोज कुमारी पटेल, मंजू ठाकुर, रवीना ध्रुव, जयंती ठाकुर समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### 593 दुकानों में राशन संकट, किसान कांग्रेस ने साधा राज्य और केंद्र पर निशाना



**महासमुंद।** जिले में मार्च माह के दौरान सरकारी राशन वितरण में हुई भारी लापरवाही को लेकर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम की निष्क्रियता के कारण जिले के लाखों हितग्राही राशन से वंचित रह गए। साहू ने जारी बयान में कहा कि जिले की सैकड़ों राशन दुकानों में मार्च माह का अनाज पहुंचा ही नहीं। परिणामस्वरूप गरीब हितग्राही पूरे महीने खाली हाथ लौटते रहे और उन्हें उधार लेकर अपना जीवनयापन करना पड़ा। उन्होंने इसे व्यवस्था की असफलता और प्रशासन की संवेदनहीनता बताया। उन्होंने बताया कि जिले में 593 उचित मूल्य दुकानों का नेटवर्क है, लेकिन इनमें से सैकड़ों दुकानों तक राशन नहीं पहुंचा। वहीं लगभग 375 दुकानों में शक्कर की आपूर्ति भी नहीं हो सकी। इससे साफ है कि वितरण प्रणाली पूरी तरह चरमरा चुकी है। मानिक ने आरोप लगाया कि यह कोई पहला मामला नहीं है। 25 मार्च को सर्वर सुधार के नाम पर राशन वितरण बंद कर दिया गया, जबकि इससे पहले नवंबर माह में भी हितग्राहियों को राशन नहीं मिल पाया था। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही ऐसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि सरकारों की प्राथमिकता में गरीबों की थाली कहीं नहीं है।

# 12 हजार 621 पार्थिव शिवलिंग बनाकर महिला ने दिखाई आस्था

**बसना।** धार्मिक आस्था और भक्ति का अनोखा उदाहरण बसना विकासखंड के बंसुला क्षेत्र में देखने को मिला, जहां एक 40 वर्षीय महिला ने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आगमन पर 12 हजार 621 पार्थिव शिवलिंग बनाकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस अद्भुत कार्य की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

बसना के बंसुला निवासी गिरिजा नंद 40 वर्षीय महिला ने भगवान शिव के प्रति अपनी गहरी आस्था का परिचय देते हुए मिट्टी से 12621 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। यह विशेष कार्य कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आगमन को लेकर किया गया, जिसे लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। महिला ने बताया कि यह कार्य उन्होंने पूरी श्रद्धा, नियम और विधि-विधान के साथ कई दिनों की मेहनत से पूर्ण किया। पार्थिव शिवलिंग बनाने की परंपरा सनातन धर्म में अत्यंत पुण्यदायी मानी जाती है, और इतनी बड़ी संख्या में शिवलिंग बनाना अपने आप में एक दुर्लभ उदाहरण है। इस दौरान ग्रामीणों ने भी महिला के इस धार्मिक कार्य में सहयोग दिया और आयोजन स्थल पर पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस प्रकार बंसुला में आयोजित यह धार्मिक आयोजन आस्था और भक्ति का केंद्र बन गया, जहां महिला की लगन और समर्पण ने सभी को प्रभावित किया। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताते हुए महिला के इस कार्य की सराहना की।

# विवेक रचित गीत अब महाराष्ट्र मंडल गान के रूप में गूंजेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- **महाराष्ट्र मंडल रायपुर ने अपने मंडल गान को किया रिलीज**



नगर के कॉलेज रोड निवासी विवेक रहाटगांवकर द्वारा रचित गीत को महाराष्ट्र मंडल रायपुर ने अपने मुख्य गीत मंडल गान के रूप में स्वरबद्ध करवाया है। रविवार 29 मार्च को पहली बार महाराष्ट्र मंडल रायपुर ने अपने 'मंडल गान' 'धन्य धन्य धन्य आहे हा आपला संस्थान' को रिलीज किया।

मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि मंडल के सदस्य महासमुंद कॉलेज रोड निवासी विवेक रहाटगांवकर द्वारा लिखित इस गीत को संगीतबद्ध और स्वरबद्ध किया गया। इस गीत को गायिका साधना रहाटगांवकर ने अपना स्वर दिया है। मंडल के आगामी सभी आयोजनों में इस गीत के गायन किया जाएगा। गीत के लेखक विवेक रहाटगांवकर ने कहा कि 91 वर्षीय महाराष्ट्र मंडल की सेवा का यह अवसर उन्हें प्राप्त हुआ, यह उनके और पूरे परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि है। लगभग चार मिनट के इस गीत को मराठी में लिखा गया है। जिसमें मंडल के सभी प्रकल्पों का उल्लेख है। जिसमें महाराष्ट्र की संस्कृति को छत्तीसगढ़ में आत्मसात किया गया है। हमारे पूर्वजों की मंशा, मेहनत और संकल्प और नई पीढ़ी के लिए समाजसेवा का संदेश और शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और संरक्षण का भी उल्लेखित किया गया है। विवेक ने बताया कि गीत को कंपोज करने के लिए गायिका साधना रहाटगांवकर के साथ राकेश दास, नरेंद्र कुमार लोणारे और छोटी बच्ची संतृप्ति केसकर ने अपनी आवाज दी। वहीं कंपोजिंग के लिए भिलाई के कलाकारों की टीम का सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि नगर के कॉलेज रोड निवासी रहटगांवकर परिवार शुरू से ही संगीत साधना से जुड़े रहे हैं और उन्होंने क्लासिकल संगीत में अपना अलग पहचान बनाई है।

